यमुना प्राधिकरण ने निविदा जारी की, पीपीपी मॉडल पर होना है निर्माण, दस हजार करोड़ से ज्यादा निवेश

# फिल्म सिटी निर्माण के लिए आवेदन मांगे

**मंजूरी**

नोएडा | मुख्य संवाददाता

गौतमबुद्धनगर जिले में फिल्म सिटी के निर्माण के लिए यमुना प्राधिकरण ने कंपनियों से आवेदन मांगे हैं। इसके लिए निविदा जारी कर दी गई है। शासन ने इस संबंध में प्रस्ताव को शनिवार को ही मंजूरी दी थी। फिल्म सिटी का निर्माण पीपीपी मॉडल पर होना है जिसमें दस हजार करोड़ से अधिक का निवेश होगा। प्राधिकरण की वेबसाइट पर निविदा 23 नवंबर को अपलोड होगी। आठ दिसंबर को प्री-बिड खोली जाएगी। प्राधिकरण के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि यह निविदा वार्षिक प्रीमियम पर होगी। रेवन्यू शेयर और प्रीमियम में से जो ज्यादा होगा वह लिया जाएगा। पहले चार साल तक ऑडिटोरियम का शुल्क नहीं लिया जाएगा, लेकिन पांचवें साल से शुल्क देना होगा। पिछला शुल्क भी चुकाना होगा। सीईओ ने दावा किया कि यह देश की सबसे बड़ी परियोजना होगी, जो हैदराबाद और मुंबई फिल्म सिटी से भी बड़ी और आधुनिक होगी।

## ये खूबियां होंगी फिल्म सिटी में

**डिजिटल तकनीक का जलवा :** यमुना प्राधिकरण की फिल्म सिटी में हर कदम पर

**1** डिजिटल तकनीक का जलवा दिखाई देगा। यहां थ्रीडी स्टूडियो होंगे। इसके अलावा 360 डिग्री पर घूमने वाले सेट होंगे।

**फिल्म यूनिवर्सिटी :** यहां पर एक फिल्म विश्वविद्यालय भी बनाया जाएगा। इसमें स्टूडेंट

**2** फिल्म निर्माण की आधुनिक तकनीकों की शिक्षा ले सकेंगे। इसके अलावा यहां पर फिल्मों से जुड़े विषयों पर शोध भी होगा।

**होटल भी होंगे :** फिल्म सिटी में शूटिंग के लिए आने वाले अभिनेता तथा स्टॉफ के लिए पांच

**3** सितारा और तीन सितारा होटल का भी निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा लग्जरी रिजॉर्ट और एम्यूजमेंट पार्क भी होंगे।

## जेवर एयरपोर्ट निर्माण के लिए महानिदेशालय ने दी मंजूरी

नोएडा | मुख्य संवाददाता

अब नागर विमानन महानिदेशालय ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर का निर्माण कार्य शुरू करने के लिए स्वीकृति दे दी है। एयरपोर्ट निर्माण के लिए नागर विमानन महानिदेशालय की मंजूरी जरूरी है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के नोडल अफसर शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि नागर विमानन महानिदेशालय ने एयरपोर्ट निर्माण के लिए सहमति दे दी है। शिलान्यास के बाद एयरपोर्ट का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ेगा। एयरपोर्ट साइट पर जमीन के समतलीकरण व चारदीवारी का काम चल रहा है। एयरपोर्ट की चारदीवारी करीब 17 किलोमीटर लंबी होगी। इसके सात किलोमीटर के हिस्से में चारदीवारी के लिए पिलर के आधार तैयार हो चुके हैं। एयरपोर्ट का शिलान्यास 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे।

242
70
228
लिस्टिं